# राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

वर्षिक रिपोर्ट

**2018–19**

श्री रजनीश कुमार जैन
प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना
राज. कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

डॉ. अनीता गुप्ता
प्राचार्य एवं संरक्षक
राज. कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

# (अ)नियमित गतिविधियाँ

## जुलाई, 2018

### 1. रजिस्ट्रेशन

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में संचालित तीनों इकाईयों में प्रति इकाई 100 स्वयंसेविकाओं का पंजीकरण किया गया।

### 2. वृक्षारोपण कार्यक्रम 10 जुलाई, 2018

दिनांक 10.7.2018 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के तत्वावधान में हरित राजस्थान कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण करवाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता, NSS प्रभारी श्रीमती निधि मीणा, डॉ. रजनीश कुमार जैन, श्री धर्मसिंह मीणा, आचार्य, सहायक आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही। एक छात्रा एक पौधा के लक्ष्य के तहत् कचनार, गुलमोहर, अमलतास, केसिया, जामुन, अमरूद आदि के पौधे महाविद्यालय परिसर में लगाए गए। प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने स्वयंसेविकाओं को लगाए पौधो में पानी देने एवं इनकी सार– संभाल करने के लिए प्रेरित किया।






3. **'जल स्वावलम्बन'** **27 जुलाई, 2018**

दिनांक 27.7.2018 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की समस्त NSS इकाइयों के तत्वावधान में 'जल स्वावलम्बन' विषय पर व्याख्यान आयोजित करवाया गया। मुख्य वक्ता भूजल वैज्ञानिक डॉ. प्रबाल अथैया ने स्वयंसेविकाओं को मुख्यंमत्री जल स्वावलम्बन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सतही जल का संरक्षण, बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होनें जल संरक्षण के बारे में समझाया। डॉ. अथैया ने अपने व्याख्यान में राजस्थान में मानसून की अनिश्चिता को देखते हुए जल स्वावलम्बन की योजना के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होने छात्राओं को जल के महत्व से परिचित कराते हुए बताया कि केवल पृथ्वी पर 0.3 प्रतिशत पानी उपयोग योग्य है। जल संरक्षण हेतु हम घरों पर किस प्रकार संरचना बना सकते है उन्होने सविस्तार से छात्राओं को इसका प्रस्तुतीकरण दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जल के महत्व पर चर्चा की। उन्होने कहा कि जल ही जीवन है, और इसका संरक्षण छात्राएं अपने अपने स्तर पर अवश्य करें। कार्यक्र म अधिकारी श्रीमती निधी मीणा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री धर्मसिंह मीणा एवं उक्त महाविद्यालय के सहायक एवं सह आचार्य भी उपस्थित रहे।






## 4. **स्वच्छता पखवाडा** **1 से 15 अगस्त, 2018**

गदंगी को दूर भगाओं, भारत को स्वच्छ बनाओं। दवाई से नाता तोडो, सफाई से नाता जोडो। इसी प्रकार के स्वच्छता के प्रति अलख जगाने वाले नारे लिखी हुई तख्तियॉ हाथ में लेकर राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की एन.एस.एस. की तीनों ईकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से झालावाड रोड एवं अण्टाघर सर्किल होते हुए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान की वास्तविक क्रियान्विती हेतु महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा (1 अगस्त से 15 अगस्त) मनाया जा रहा है। जिसके तहत श्रमदान, एतिहासिक समारोह की साफ–सफाई, स्वच्छता सम्बन्धि व्याख्यान, नुक्कड नाटक, गोद ली गई बस्ती नन्दा की बाडी में जागरूकता रैली एवं स्वच्छता रैली आदि का आयोजन एन.एस.एस के तहत किया गया है। उक्त अवसर पर नयापुरा महिला एरिया लेवल समिति की प्रभारी श्रीमती शमशीर आलम का सहयोग एवं मार्गदर्शन भी छात्राओं को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता गुप्ता ने भी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए सम्बोधित किया। उन्होनें सभी छात्राओं को उनके घरों के आस–पास सभी परिवारों को स्वच्छता के महत्व से परिचित कराने हेतु छात्राओं को संकल्पित किया। इस अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निधि मीणा, श्री धर्मसिंह मीणा एवं रजनीश कुमार जैन ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।






## 5. राष्ट्रीय स्वाभिमान सप्ताह (09 अगस्त 2018 से 15.8.2018 तक)

दिनांक 11.8.2018 को महाविद्यालय में एन.एस.एस. की तीनों इकाईयों द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान विषय पर व्याख्यान आयोजित करवाया गया। तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. शशि प्रकाश शर्मा, सह आचार्य राजकीय कला महाविद्यालय स्वयं के स्वाभिमान को जागृत करने पर जोर दिया। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं को योगदान सर्वोपरि है, वे स्वाभिमानी होंगे तो देश का गौरव एवं स्वाभिमान स्वतः ही बढ जायेगा। बूट पॉलिश फिल्म के ''नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है'' गाने के बोल के माध्यम से छात्राओं को देश की तस्वीर बदलने में उनके सहायोग हेतु प्रेरित किया।





## 6. एन.एस.एस. सलाहकार समिति की बैठक 13 अगस्त, 2018

दिनांक 13.8.2018 को महाविद्यालय की प्राचार्य की अध्यक्षता में एन.एस.एस. सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा निदेशालय श्री दिनेश तिवारी एवं एन.जी.ओ. प्रभारी श्रीमती शमशीर आलम, संकाय सदस्य श्री आर.के. उपाध्याय, सुश्री अर्चना सहारे एवं तीनों ईकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी इसमें उपस्थित रहे। वर्षभर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर इसमें विचार विमर्श किया गया।






## 7. अभिविन्यास कार्यक्रम 20–22 सितम्बर, 2018

20–22 सितम्बर, 2018 तक महाविद्यालय में पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को एन.एस.एस के बारे में सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक जानकारी देने हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिन स्वयंसेविकाओं को कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निधि मीणा ने छात्राओं को एन.एस.एस के विचार, दर्शन, उद्देश्य, महत्व एवं इतिहास से अवगत कराया। उन्होनें बताया कि किस प्रकार इस योजना के माध्यम से एक छात्रा समाज के लिए अपना योगदान दे सकती है। द्वितीय दिवस सपना अग्रवाल मोटिवेटर ने छात्राओं को अपने व्यक्तित्व निखारने, आत्मविश्वास को बढाने एवं सम्प्रेषण कौशल को प्रभावी बनाने हेतु छात्राओं का मार्गदर्शन किया। तृतीय दिवस कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश कुमार जैन ने एन.एस.एस के तहत् सत्र 2018–19 में होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं एन.एस.एस. प्रतिभागी होने का महत्व समझाया। इसी दिन छात्राओं से महाविद्यालय में श्रमदान भी कराया गया।








## 8. रक्तदान जागरूकता रैली        24 सितम्बर, 2018

दिनांक 24.9.2018 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान जागरूकता रैली सफलतापूर्वक आयोजित की गई। रोटरी पद्मिनी, श्रीजी ब्लड बैक एवं रामदुलारी जिंदल मेमोरियल हेल्थ केयर सोसायटी ने इसमें सहयोग किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने बताया कि रैली के माध्यम से जागरुकता लाने के उपरान्त दिनांक 25.9.2018 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने छात्राओं के मध्य रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए, उन्हें रक्तदान से स्वयं को एवं समाज को होने वाले फायदों के बारे में बताया। आपने छात्राओं को बताया कि रक्तदान के साथ–साथ उनका निःशुल्क रक्त परिक्षण (हिमोग्लोबिन एवं रक्त समूह) किया जायेगा तथा मौसमी बिमारियों के कारण होने वाली पेट की समस्याओं के निदान हेतु कृमिनाशक दवा निःशुल्क प्रदान की जायेगी। अतः छात्राएँ अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभान्वित हों। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. शम्मी खण्डेलवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया। रैली के दौरान छात्राएं – ''रक्तदान–महादान'', ''थैलेसिमिया बच्चे की बचाओ जान–इसलिए करो रक्तदान'', ''रक्तदान जो करता–कई जिंदगियों को बचाता'', ''ब्लड डोनेट करें–इंसानियत को प्रमोट करें'', ''रक्तदान एक फर्ज है–यही हम सबका धर्म है'' आदि नारे लिखी हुई तख्तियॉ लेकर छात्राएं बहुत जोश और उत्साह से नारे लगा रही थी।






## 9. स्वच्छता ही सेवा एवं एन.एस.एस दिवस कार्यक्रम 24 सितम्बर, 2018

दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया गया। जिसके अन्तर्गत श्रमदान, एतिहासिक समारोह की साफ–सफाई, स्वच्छता सम्बन्धि व्याख्यान, नुक्कड नाटक, गोद ली गई बस्ती नन्दा की बाडी में जागरूकता रैली एवं स्वच्छता रैली आदि का आयोजन एन.एस.एस के तहत किया गया है। उक्त अवसर पर नयापुरा महिला एरिया लेवल समिति की प्रभारी श्रीमती शमशीर आलम का सहयोग एवं मार्गदर्शन भी छात्राओं को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता गुप्ता ने भी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए सम्बोधित किया। उन्होनें सभी छात्राओं को उनके घरों के आस–पास सभी परिवारों को स्वच्छता के महत्व से परिचित कराने हेतु छात्राओं को संकल्पित किया। एन.एस.एस दिवस के अवसर पर एन.एस.एस के इतिहास, उद्देश्य एवं महत्व से भी छात्राओं को परिचित कराया। इस अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, श्री धर्मसिंह मीणा एवं रजनीश कुमार जैन ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।





## <u>10. सर्जिकल स्ट्राइक डे</u> 29 सितम्बर, 2018

भारतीय सेना के द्वारा पाक अधिकृत सीमा को पार कर पाकिस्तानी सेना के आतंकी कैम्पों को तबाह करने के उपलक्ष्य में दिनांक 29 सितम्बर, 2018 को सर्जिकल स्ट्राइक डे को एन.एस.एस की तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित किया गया। उक्त अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मसिंह मीणा ने सर्जिकल स्ट्राइक की पृष्ठभूमि से छात्राओं का परिचय कराया। साथ ही राज्य पुरस्कार प्राप्त डॉ. ज्योति सिड़ाना ने स्वयंसेविकाओं को भारतीय सेना के इतिहास, पराक्रम एवं बलिदान से अवगत कराया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारतीय सेना ने 28–29 सितम्बर, 2016 को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर आतंकियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक किया था। सेना ने इस स्ट्राइक से पाकिस्तान के सेना के उरी हमले का जबाव दिया जो कि 18 सितम्बर को हुआ और जिसमें 19 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। उक्त अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने भी देशभक्ति पूर्ण काव्य पाठ किया।






## 11. गांधी जयन्ती व्याख्यान        2 अक्टूबर, 2018

दिनाक 02.10.2018 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय के कक्ष–12 में महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती समारोह पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस. की तीनों इकाईयों, युवा विकास केन्द्र, यू.जी.एसोसिएशन व राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. शशि प्रकाश चौधरी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ लाल बहादुर शास्त्री जी व महात्मा गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने स्वागत भाषण में राजनीतिक विभाग की अध्यक्ष डॉ. शम्मी खण्डेलवाल ने गाँधी जी को भारतीय परम्परा का उपासक कहा। उन्होंने देश के विकास को आम आदमी से जोड़ने की बात कही। गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में काले गोरे के भेदभाव और जातिवाद का सामना एवं समाधान किया। गाँधी जी हिन्दुस्तान के पहले समाजशास्त्री, भाषाविद और पत्रकार थे। गाँधी जी ने स्वच्छता और शारीरिक श्रम के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अनीता गुप्ता ने कहा कि गाँधी जी के सिद्धान्तों का पालन करने पर ही गाँधी जयन्ती की सार्थकता है। उन्होंने कहा की जीवन मुल्य परख होना चाहिये। कार्यक्रम का समापन सामुहिक रामधुन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रेमलता परसोया ने किया। डॉ. उमा बडौलिया द्वारा अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर युवा विकास केन्द्र की प्रभारी डॉ. सपना कोतरा, एन.एस.एस प्रभारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश कुमार जैन, यू.जी.एसोसिएशन की सहप्रभारी डॉ. मीनाक्षी यादव, राजनीतिक विज्ञान के सभी सह–आचार्य व महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित थे।





## 12. वाद–विवाद प्रतियोगिता 05 अक्टूबर, 2018

एन.एस.एस की तीनों इकाईयों की स्वयंसेविकाओं के मध्य गांधी ग्राम स्वराज विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कि स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्ण भाग लिया। छात्राओं ने गांधीजी के ग्राम स्वराज के विचार से सम्बन्धित दर्शन, विचार एवं वास्तविक स्थिति को अपने शब्दों में उल्लेखित किया। इस अवसर पर प्रत्येक इकाई से विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। तीनों इकाईयों की विजेता छात्रा सुश्री आशिया को जिला वाद–विवाद प्रतियोगिता हेतु भेजा गया।





## 13. राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर, 2018

दिनांक 31.10.2018 राजकीय कला कन्या महविद्यालय परिसर में ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के अन्तर्गत एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. की समस्त इकाईयो के सयुक्त तत्वाधान में भारत के लौह पुरूष एवं स्वतत्रं भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मशती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुएं राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के महत्त्व को बताते हुए युवा पीढी से इसे बनाये रखने के लिये कहा। किसी भी देश या राष्ट्र का विकास युवा की सोच और परिश्रम पर निर्भर करता है, क्योंकि युवा ही 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। प्राचार्य ने पहले हिन्दी में और फिर असमिया भाषा में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ समस्त संकाय सदस्यो और छात्राओं को दिलवाई। उन्होनें सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत के स्वाधीनता संग्राम में योगदान की चर्चा की कि 1857 की क्रांति की विफलता, मुगलों का भारत पर शासन तथा अंग्रेजों का भारत को गुलाम बनाने के पीछे एक बडा कारण देश में राष्ट्रीय एकता की कमी थी जिसे दूर करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 550 से अधिक रियासतों को एक करके एकता और अखण्डता का संदेश दिया। आज के परिवेश में पुनः उसी एकता और अखण्डता को बनाये रखने की आवश्यकता है जिसका प्रारम्भ परिवार, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों से करने की जरुरत है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रैली का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाये रखने, जाति, भाषा एवं क्षेत्र की असमानता को समाप्त करने के नारे लगाये। कार्यक्रम में एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजमल मालव, श्री रजनीश कुमार जैन, डॉ. प्रियंका वर्मा एवं एन.सी.सी प्रभारी श्रीमती नीधि मीणा, डॉ. पारुल सिंह एवं समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।






## 14. मतदान जागरूकता व्याख्यान 14 नबम्बर, 2018

दिनांक 14.11.2018 को जिला निर्वाचन अधिकारी (स्वीप) के निर्देशानुसर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के तत्वावधान में राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में जिला सहायक नोडल अधिकारी श्रीमान रमेश शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अनीता गुप्ता ने की और छात्राओं से कहा की वह अपने घर परिवार के सदस्यों से मतदान के विषय में चर्चा करे और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करे। जिससे वह अपने राजनैतिक अधिकार का प्रयोग कर सकें। नोडल अधिकारी श्रीमान् रमेश शर्मा ने बताया की विश्व के बडे लोकतंत्र को सफल बनाने के लिये सभी को मतदान की महता समझनी चाहिए। छात्राऐं इसमें विशेष योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को इस राजनैतिक अधिकार का प्रयोग बहुत ही सुझ–बूझ और ईमानदारी से करना चाहिए। जिससे एक स्वतन्त्र निष्पक्ष उतरदायी लोक कल्याणकारी सरकार बनाई जा सके। कार्यक्रम में पधारे श्रीमान अशोक गुप्ता जी ने मतदान करते समय की जाने वाली प्रक्रियाओं से छात्राओं को अवगत कराया, उन्होंने वी.वी.पी.ए.टी. मशीन की जानकारी भी छात्राओं को दी। कार्यक्रम के अन्त में श्रीमान रमेश शर्मा द्वारा उपस्थित संकाय सदस्यो एवं छात्राओं को स्वत़न्त्र निष्पक्ष निर्भीक मतदान करने की शपथ दिलाई।





## 15. कौमी एकता सप्ताह 19–25 नबम्बर,2018

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा एन.एस.एस की तीनों इकाईयों के तत्वावधान में कौमी एकता सप्ताह के तहत् राजकीय कला महाविद्यालय के हिन्दी के प्रोफेसर श्रीमान् शशि प्रकाश शर्मा का व्याख्यान आयोजित किया गया। श्री शशि प्रकाश जी ने बताया कि हिन्दुस्तान की परम्परा कौमी एकता की रही है। आज विभाजन कारी शक्तियॉ भी मौजूद है और एकत्व के तत्व भी मौजूद है। ये आपके उपर निर्भर करता है कि कौन से दृष्टिकोण से चीजों को देखते है। उन्होने उदाहरण दे कर बताया कि कश्मीर में पैदा होने वाली केसर दक्षिण की विभिन्न परम्पराओं में उपयोग में लाई जाती है। इसी प्रकार से सुदूर दक्षिण में उगने वाला नारियल उत्तर भारत की विभिन्न शुभ कार्यों में काम में लाया जाता है। कोई बात तो है ऐसी जिससे की हमारी हस्ती मिटती नही है। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. आर.के.उपाध्याय, श्रीमान् जितेश जोशी एवं एन.एस.एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजमल मालव, डॉ. प्रियंका वर्मा भी उपस्थित रही। श्री रजनीश कुमार जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर छात्राओं को कौमी एकता से सम्बन्धित शपथ भी दिलवाई गयी। सप्ताह के दौरान स्वयंसेविकाओं से श्रमदान, पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।





## 16. संविधान दिवस 26 नबम्बर, 2018

दिनांक 26.11.2018 को एन.एस.एस की तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग की सह आचार्य डॉ. श्रद्धा सोरल ने स्वयंसेविकाओं को संविधान का महत्व बताते हुए उसके विचार, दर्शन, इतिहास से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने मौलिक अधिकारों के साथ–साथ मूल कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिये। कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश कुमार जैन ने संविधान बनाने के पीछे की धारणा एवं स्वतन्त्रता संग्राम में स्वतन्त्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में






## 17. कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन (विशाखा अधिनियम) पर वर्कशॉप 04.12.2018

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में दिनांक 04.12.2018 को एन.एस.एस एवं दिशा और गुड़गांव की एक कम्पनी की ओर से कार्य स्थल पर महिला यौन उत्पीडन विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कम्पनी के प्रतिनिधियों ने छात्राओं और टीचिंग स्टाफ को यौन पीड़ित से संबंधित विभिन्न जानकारी दी। साथ ही विशाखा एप डाउनलोड करवाया और इस्तेमाल के तरीके बताए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन के लिए विशाखा अधिनियम की बारीकियां बताई। उन्होंने कहा कि 30 साल से कम आयु की महिलाएं यौन उत्पीड़न का सबसे अधिक शिकार होती हैं। वहीं 12 से 17 साल की 15 प्रतिशत नाबालिग शिकार होते है। 45 प्रतिशत यौन उत्पीड़न शैक्षिक क्षेत्र में होता है। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से आयोजित वर्कशाप में टीम लीडर श्री सजल कुमार मिश्रा ने कहा कि कई कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न समिति का गठन तक नही किया गया है। इस अवसर पर एन.एस.एस की स्वयंसेविकाओं ने उक्त अधिनियम से सम्बन्धित अपनी शंकाओं और समस्याओं को भी गुडगाव की उक्त एन.जी.ओ के सामने रखा।





## 18. राष्ट्रीय युवा सप्ताह 12–19 जनवरी, 2019

दिनांक 12.1.2019 को राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनो इकाईयों के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जी के जयन्ती के अवसर पर स्वामी जी के जीवन एवं दर्शन सम्बन्धी विचारों से छात्राओं को आत्मसात करने के लिए, डॉ. हुकम चन्द जैन का व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होने छात्राओं को स्वामी जी के जीवन से परिचित कराते हुए, कर्म की महत्ता, धर्म में पाखण्डवाद, धर्म की सेवा का माध्यम बनाना, स्त्री शिक्षा पर जोर, 1893 की धर्म ससंद में दिया गया उनका ओजस्वी भाषण, आदि विभिन्न पहलूओं से छात्राओं को अवगत कराया। अभावों एवं परिस्थितियों की प्रतिकूलता को दरकिनार करते हुए किस प्रकार सकारात्मक जीवन जिया जाए, स्वामी जी के जीवन से विभिन्न उदाहरण देते हुए उन्होने इस बात को रेखांकित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, श्री धर्मसिंह मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश कुमार जैन द्वारा दिया गया।

दिनांक 16.1.2019 को राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत् नशा मुक्ति एवं युवा विषय पर व्याख्यान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ. साहनी को आमंत्रित किया गया। उन्होनें स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन के उदाहरणों से युवाओं को समझाते हुए लक्ष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया एवं नशा के विभिन्न दुष्प्रभावों को बताते हुए समाज को उनसे दूर रखने हेतु छात्राओं से आह्वान किया।

दिनांक 18.1.2019 को कार्यक्रम के **मुख्य अतिथी** एवं **वक्ता राजस्थान** के **एन.एस.एस. के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह जी** को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम मॉ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि डॉ. बनय सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक डॉ. के. एम. गवेन्द्रा जी का तीनों महाविद्यालय की प्राचार्याओं एवं एन.एस.एस. प्रभारियों द्वारा स्वागत किया गया। संगीत विभाग की छात्रा कु. भूमिका द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. बनय सिंह जी ने अपने उद्‌बोधन में एन.एस.एस. का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थी की अन्तर्निहित प्रतिभा को बाहर लाने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना करती है। स्वामी विवेकानन्द कालजयी इसलिए है कि उनकी प्रासंगिकता हर दृष्टिकोण से आज भी है। उन्होंने एन.एस.एस. की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा वे एन.एस.एस. के माध्यम से अपनी भावनाओं व विचारों को व्यक्त कर सकती है। समाज सेवा को इस तरह लागू करे कि सभी उनका अनुकरण करें इस हेतु छात्राओं को प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. गवेन्द्रा जी ने कहा कि विकास की परिकल्पना श्रम से संभव है। जिन्होंने देश को आगे बढ़ाया, कुर्बानी दी उनका महत्व आज भी है। उच्च शिक्षा में एन.एस. एस इसलिए आवश्यक है कि यह व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती है।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी श्री राजनीश कुमार जैन ने सभी अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।


राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा
राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
J.D.B.
Govt. Girls College
Kota




कोटा
राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना


कोटा
राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा
राष्ट्रीय सेवा योजना
UICC
पापा ! प्लीज़, आप मेरे खातिर
नशा "ना" करें
J.D.B.
Govt. Girls College
Kota

## 19. राष्ट्रीय मतदाता दिवस    25 जनवरी, 2019

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 25.1.2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने की। प्राचार्य ने छात्राओं और संकाय सदस्यों को मतदान करने की सामूहिक शपथ दिलवायी। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने छात्राओं से राष्ट्र के विकास में सहयोग हेतु निष्पक्ष मतदान कर तथा योग्य व्यक्ति का चयन करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की निर्वाचन नोडल अधिकारी डॉ. उमा बाडोलिया ने भारतीय लोकतंत्र की रक्षा हेतु युवाओं से अधिकाधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।





## 20. शहीद दिवस एवं सर्वोदय दिवस, 30 जनवरी, 2019

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति विज्ञान विभाग एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 2 मिनिट का मौन रखकर श्रंद्धांजलि दी गई। रामधुन का गायन सामूहिक रूप से किया गया। इसके पश्चात् राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में, राज्य सरकार के निर्देशानुसार नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत "जीवन के लिए प्रतिज्ञा" नशा मुक्ति की शपथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता द्वारा दिलवायी गयी। शपथ में कहा गया की भारतीय नागरिक के रूप में जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों एवं नशीले पद्धार्थो का सेवन नहीं करूगी तथा अपने परिजनो मित्रों को भी तम्बाकू उत्पादों एवं नशीले पद्धार्थो का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगी। इस अवसर पद महाविद्यालय की डीन डॉ. अरूणा कौशिक राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. शम्मी खण्डेलवाल व संकाय सदस्य स्टाफ कर्मचारी, व छात्राएं उपस्थित थे।






## 21. डॉ. सुब्बाराव जी के 91वें जन्मदिवस पर स्वयंसेविकाओं को जयपुर भेजा गया। 07 फरवरी 2019

दिनांक 07 फरवरी 2019 को जयपुर में बिडला ऑडीटोरियम में गॉधीवादी विचारक डॉ. सुब्बाराव जी के 91 वें जन्मदिवस के अवसर पर एन.एस.एस. की तीनों इकाईयों से एक–एक स्वयंसेविका को जयपुर भेजा गया।









## 22. एन.एस.एस. सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक

महाविद्यालय में एनएसएस की वर्षपर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 13.03.2019 को प्राचार्य व अध्यक्ष डॉ. अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें के.एम.गवेन्द्रा, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सत्र 2018–19 में आयोजित हुई गतिविधियाँ, एक दिवसीय शिविरों एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त सत्र 2017–18 से लागू किये गये पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से भुगतान में आ रही व्यवाहरिक समस्याओं हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया।





# <u>(ब) एक दिवसीय शिविरों की रिपोर्ट</u>

## 23. <u>प्रथम एक दिवसीय शिविर</u> ( ग्रीन एण्ड क्लीन कॉलेज ) <u>28 जुलाई,2018</u>

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा में दिनांक 28.07.2018 को एक दिवसीय शिविर ''**ग्रीन एण्ड क्लीन कॉलेज**'' का आयोजन किया गया जिसमें गृह विज्ञान विभाग की सह आचार्य डॉ. दीपा स्वामी ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा भाव के अनुरूप छात्राओं को समाज के प्रति उनको त्याग, सफाई, जन–जागरूकता, साक्षरता अधिक से अधिक पौधारोपण करना इत्यादि के लिए प्रोत्साहित किया। उसके पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। उसके बाद छात्राओ ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर में लगे जल संरक्षण तंत्र के सफल संचालन के लिये भवन की छतों की सफाई की।





## 24. द्वितीय एक दिवसीय शिविर (रक्तदान) 25 सितम्बर, 2018

दिनांक 25.9.2018 को पंडित दीनदयाल जयंती के उपलक्ष्य में 'वृहद रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों एवं युवा विकास केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस शिविर में सर्वप्रथम संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के हिमोग्लोबिन एवं वजन की जॉच की गई तत्पश्चात् योग्य पाए गये व्यक्तियों का ही रक्तदान कराया गया। शिविर में उपस्थित समस्त छात्राओं को कृमिनाशक दवा भी वितरित की गई। एन.एस.एस प्रभारी श्री रजनीश जैन, श्री धर्मसिंह मीणा एवं डॉ. प्रियंका वर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है जिसका कोई विकल्प नही है। शिविर में युवा विकास केन्द्र के सदस्य डॉ. बिन्दू चतुर्वेदी, डॉ. मीनाक्षी यादव, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. हिमानी सिंह एवं डॉ. पुनीता श्रीवास्तव ने सक्रिय भागीदारी की।






# 25. तृतीय एक दिवसीय शिविर (भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था )

## 29 नबम्बर, 2018

दिनांक 29.11.2018 को आओं मिलकर अलख जगाएँ, शत प्रतिशत मतदान कराएँ। ई.वी.एम. से देगें वोट कहते है डंके की चोट। इस प्रकार के नारों के साथ राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में आज एन.एस.एस का ''मतदान हमारा कर्त्तव्य है'' विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी के रूप में बोलते हुए, स्काउट मंडल सचिव एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रीमान् यज्ञदत्त हाडा ने छात्राओं को कहा कि उन्हें अधिकाधिक मतदान हेतु अपने आप–पास मतदान जागरूकता की अलख जगानी है। उन्होने बताया कि लोकतान्त्रिक प्रक्रिया का आधारस्तम्भ मतदान ही है। अतः हमें लोक तन्त्र को अक्षुण्ण रखने के लिए जाति–पाति एवं धार्मिक मताग्रहो से ऊपर उठकर मतदान करने जाना है। कोटा जिले के स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री रविन्द्र श्रीवास्तव ने इस अवसर पर छात्राओं को मतदान से सम्बन्धित गायन करके एवं छात्राओ को भी सहगान कराकर मतदान प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाने हेतु उत्प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था से सम्बन्धित एक प्रश्न मंच कार्यक्रम एवं निबन्ध प्रतियोगिता भी रखी गयी। जिसमें विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजमल मालव, श्री रजनीश कुमार जैन भी उपस्थित रहें।





# (स) 26. सात दिवसीय विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 15.10.2018 से 21.10.2018 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। शिविर की थीम 'राष्ट्रबोध' रखी गई। सातों दिन शिविर की शुरूआत योगासन के साथ की गई। शिविर के दौरान डॉ. एम.एल. साहू, हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग, कोटा ने राष्ट्रबोध विषय पर व्याख्यान दिया। इसी क्रम में डॉ एम.एल. अग्रवाल, कोटा के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर, सुश्री निधी प्रजापति द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं भविष्य निर्माण पर, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, द्वारा मतदान जागरूकता एवं एन.एस.एस. का राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त स्वंयसेवक श्री प्रवीण कुमार नागर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों एवं महत्व पर व्याख्यान करवाये गये।

शिविर के दौरान डॉ. अनुज विलियम्स ने स्वयंसेविकाओं को केरियर गाइडेन्स एवं इन्टरव्यू स्किल्स, हैलो एप, दिशारी एप को PPT के माध्यम से समझाया प्रशिक्षक श्री अनिल कुमार ने ताइक्वांडो का आधारभूत प्रशिक्षिण देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

शिविर के दौरान एन.एस.एस. द्वारा गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता सर्वे व स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

शिविर में छात्राओं को सह शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व को समझाते हुए नींबू रेस, मेहन्दी प्रतियोगिता, काव्य पाठ, आशू भाषण, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताए करवाई गई। समापन के अवसर पर सप्ताह पर्यन्त प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर छात्राओं का उत्साह बढाया। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**विस्तृत विवरण अलग से संलग्न है। (संलग्नक नं.36–51 )**

# (द) समाचार पत्रों के आइने से एन.एस.एस. की गतिविधियाँ

सत्र 2018 – 19 में महाविद्यालय की एन.एस.एस की तीनों इकाईयों द्वारा जो गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम किये गये उन्हें राष्ट्रीय स्तर / राज्य स्तरीय/ जिला स्तरीय समाचार पत्रों जैसे – राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति, पंजाब केसरी, जनसत्ता, चम्बल संदेश आदि के स्थानीय संस्करणों में व्यापक कवरेज मिला। जिसकी कुछ झलकियाँ/ अखबारों की कतरने निम्न प्रकार हैः–

**1. वृक्षारोपण कार्यक्रम** **10 जुलाई, 2018**



छात्राओं ने पौधरोपण कर सुरक्षा की ली शपथ

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में पौधरोपण करती छात्राएं। -एनजी

नवज्योति/कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। छात्राओं ने एक दर्जन से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में एक छात्रा एक पौधा के लक्ष्य के तहत कचनार, गुलमोहर, अमलतास, केसिया, जामुन, अमरूद आदि के पौधे महाविद्यालय परिसर में लगाए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता गुप्ता, एनएसएस प्रभारी निधि मीणा, डॉ. रजनीश कुमार जैन, धर्मसिंह मीणा, आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।



जेडीबी कॉलेज में लगाए 110 पौधे

कोटा. जेडीबी कला कॉलेज परिसर में शनिवार को छात्राओं ने 110 पौधे रोपे। इस दौरान प्राचार्य अनिता गुप्ता, छात्रा विजयलक्ष्मी गोचर, शैल लोधा, जैनब खान, नीलम सिंह, झीलश्री धाकड़, दीपशिखा गुर्जर, दीपिका मीणा ने कचनार, तुलसी, पीपल, आम, हार सिंगार के पौधे लगाए।

**2. जल स्वावलम्बन , 27 जुलाई, 2018**

## जल स्वावलंबन पर एक दिवसीय गोष्ठी

कोटा | जेडीबी गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज में शुक्रवार को जल स्वावलंबन विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भूजल वैज्ञानिक डॉ. प्रबल अथैया ने स्वयं सेविकाओं को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी निधि मीणा ने बताया कि कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमार जैन, धर्मसिंह मीणा सहित अन्य ने संबोधित किया।

**3. स्वच्छता पखवाडा 1 से 15 अगस्त, 2018**

## एनएसएस की तीनों इकाइयों ने निकाली स्वच्छता रैली

नवज्योति/कोटा

राजकीय कला महाविद्यालय में एनएसएस की तीनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा मंगलवार को स्वच्छता पर रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से झालावाड़ रोड एवं अंटाघर सर्किल होते हुए परिसर पहुंची। रैली के दौरान छात्राओं नें गदंगी को दूर भगाओ, भारत को स्वच्छ बनाओ, दवाई से नाता तोड़ो-सफाई से नाता जोड़ो जैसे नारे स्वच्छता के प्रति जगाने के लिए लिखी हुई तख्तियों को हाथ में लेकर नारेबाजी की। इस दौरान श्रमदान, ऐतिहासिक समारोह की सफाई,



स्वच्छता सम्बधित व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, नंदा की बाडी में जागरुकता रैली एवं स्वच्छता रैली आदि का आयोजन एनएसएस द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अनीता गुप्ता ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने घर के आस पास सफाई रखनी चाहिए ।इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी निधि मीणा, धर्मसिंह मीणा एवं रजनीश कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर नयापुरा महिला एरिया लेंवल समिति की प्रभारी शमशीर आलम ने भी इस रैली का सहयोग किया।

## 4. रक्तदान जागरूकता रैली 24 सितम्बर, 2018

# रैली निकालकर रक्तदान के प्रति किया जागरूक



- एचजी

नवज्योति/कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में सोमवार को युवा विकास केंद के तहत रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय के उपभोक्ता क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई, एनसीसी एवं डाइट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। रोटरी पद्मिनी, ब्लड बैंक एवं रामदुलारी जिंदल मेमोरियल हेल्थ केयर सोसायटी ने इसमें सहयोग किया। युवा विकास केन्द्र प्रभारी डॉ. सपना कोतरा ने बताया कि रैली के माध्यम से जागरुकता लाने के उपरांत मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. शम्मी खंडेलवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर युवा विकास केंद्र के सदस्य डॉ. बिन्दु चतुर्वेदी, डॉ. मीनाक्षी यादव, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. हिमानी सिंह, डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. पुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## 5. सर्जिकल स्ट्राइक डे 29 सितम्बर, 2018

# सैन्य अधिकारियों ने छात्रों को बताया, ऐसे की थी हमने सर्जिकल स्ट्राइक

### कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में मनाया सर्जिकल स्ट्राइक दिवस





नवज्योति/कोटा

[illegible]

### सर्जिकल स्ट्राइक एक सुनियोजित सैन्य कार्रवाई

[illegible]

# गवर्नमेंट कॉलेजों में मनाया सर्जिकल स्ट्राइक डे



कोटा| कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से शनिवार को शहर के गवर्नमेंट कॉलेजों में सर्जिकल स्ट्राइक डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनसीसी, एनएसएस की ओर से गोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम हुए। जेडीबी गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से हुए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. धर्म सिंह मीणा, डॉ. ज्योति सिडाना ने छात्राओं को सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित सैन्य कार्यवाही होती है, जिसका मकसद एक निश्चित लक्ष्य पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद करना होता है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले 29 सितंबर 2016 को उड़ी हमले के 11 दिन बाद भारत के सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकानों को लक्ष्य बनाकर सर्जिकल स्ट्राइक की।

वहीं, दूसरी ओर गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में एनसीसी की ओर से पराक्रम पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एक्स सर्विसमैन सूबेदार मेजर कबूल और सूबेदार मेजर महेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। मुख्य वक्ता सूबेदार कबूलसिंह ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के पराक्रम को विश्व क्षितिज तक पहुंचाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. जीएल मालव ने की। संचालन एनसीसी अधिकारी अनिल पारीक और एनसीसी एयरविंग डॉ. मनोरंजन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**6. वाद–विवाद प्रतियोगिता** **05 अक्टूबर, 2018**

# समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन




-एचजी

नवज्योति/कोटा।

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में योजना मंच, युवा विकास केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चार-चार छात्राओं के बारह समूहों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समूह चर्चा के प्रमुख विषय-कंप्यूटर एवं सृजनात्मक, लैंगिक अपराध एवं समाज पर प्रभाव, ई-कॉमर्स, वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा, कामकाजी महिलाओं के समक्ष चुनौतियाँ, मॉब लीचिंग, भारत-चीन संबंध और छात्रसंघ से अपेक्षाएं आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने कहा कि युवा शक्ति ही अपने आत्मबल से समाज को सकारात्मक दिशा दे सकती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उमा एवं समूह, द्वितीय स्थान आशिया एवं समूह तथा तृतीय स्थान दिव्या एवं समूह ने प्राप्त किया। योजना मंच प्रभारी डॉ. मीरा गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता शर्मा ने किया। डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी, धर्मसिंह मीणा, डॉ. पुनीता श्रीवास्तव और डॉ. वन्दना शर्मा भी प्रतियोगिता में मौजूद रहे।

**<u>7. मतदान जागरूकता व्याख्यान</u>** 14 नबम्बर, 2018

## प्रतियोगिताओं से जानी मतदाता संबंधित जानकारियां



नवज्योति/कोटा

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर गौरव गोयल के निर्देशानुसार गुरुवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गई। नोडल अधिकारी स्वीप व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रज मोहन बैरवा ने बताया कि अभियान में जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय विज्ञान, कला और वाणिज्य की छात्राओं ने परिचर्चा संवाद व आशु भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। नोडल अधिकारी रविंद श्रीवास्तव ने बताया कि गतिविधियों में 236 छात्राओं ने भाग लिया।

### एनसीसी कैडेट से किया संवाद

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान कैडेट्स को अभियान से संबंधित जानकारी सहायक नोडल अधिकारी रविंद श्रीवास्तव द्वारा दी गई। इस दौरान संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया।

### जागरूकता रैली आज

## आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**कोटा @ पत्रिका.** राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, जे.डी.बी राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की सभी छह इकाइयों का विशेष शिविर महाविद्यालय में शुरू हुआ। स्काउट एवं गाइड के मंडल सचिव यज्ञदत्त हाडा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। गुडटच बेडटच की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान तीनों महाविद्यालयों की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता, डॉ. रीटा गुलाटी, प्राचार्य डॉ. लीला मोदी के साथ एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. जयश्री डाबरे, रजनीश कुमार जैन, डॉ. प्रिंयका वर्मा, डॉ. राजमल मालाव, डॉ. अनिता माहेश्वरी, डॉ. रेनू नैनावत की सहभागिता रही।

**<u>8. कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन (विशाखा अधिनियम) पर वर्कशॉप</u>** **<u>04.12.2018</u>**

## विशाखा अधिनियम का हो कठोरता से पालन

### राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

कोटा, 4 दिसंबर। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए विशाखा अधिनियम' विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन है। कार्यशाला में जागरूक समूह के टीम लीडर सजल कुमार मिश्रा ने कहा कि अधिकांश कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडन की शिकायत के लिए आन्तरिक शिकायत समिति ही स्थापित नहीं है, जिसके कारण कार्यशील महिलाएं शिकायत नहीं कर पाती है। शिकायत को आसानी से दर्ज कराया जा सके, इसके लिए जागरूक समूह ने विशाखा एप्प सभी सहभागियों को फोन पर डाउनलोड करवाया और उसका कैसे प्रयोग किया जा सकता है, की जानकारी उपलब्ध करवायी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने कहा कि समाज में यौन उत्पीडन रोकने के पर्याप्त कानून है, परन्तु जागरूकता नहीं है या फिर



कला कन्या महाविद्यालय में मंचासीन अतिथिगण

महिलाएं ऐसी घटनाओं को बातचीत का विषय नहीं बनाना चाहती, और अपने स्तर पर ही इन घटनाओं को निपटाने का प्रयास करती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कार्यस्थल पर अथवा कामकाजी महिलाओं में बुनियादी अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाए और विशाखा अधिनियम का कठोरता से पालन किया जाए। कार्यशाला में जागरूक के अन्य सदस्यों रोशी जमवाल, नैंसी खुराना, कोमल राजपूत ने सहभागियों के साथ एक सर्वेक्षण किया जिनमें महिला की शारीरिक बनावट, उसके वस्त्रों आदि को लेकर भद्दी, अश्लील टिप्पणियां, अश्लील व कामुक साहित्य दिखाना, मौखिक या अमौखिक तरीके से यौन प्रकृति का अश्लील व्यवहार करना इत्यादि से सम्बधित प्रश्न थे। महाविद्यालय में नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. ज्योति सिडाना ने बताया कि आज के समय में यह विषय और भी प्रासंगिक हो जाता है जब मीटू जैसे आंदोलन समाज मे जोर पकड़ रहे है। उन्होंने बताया कि 2014 से 2018 तक भारत में यौन उत्पीडन के 2535 मामले दर्ज हुए अर्थात् प्रतिदिन 2 मामले दर्ज होते है। महाविद्यालय में स्थापित यौन उत्पीडन शिकायत निवारण समिति की प्रभारी डॉ. प्रेरणा शर्मा ने जागरूक समूह के सदस्यों का स्वागत किया दूसरे सत्र में वक्ताओं ने छात्राओं को सम्बोधित किया और विशाखा एप्प डाउनलोड करवाया।

# जेडीबी कॉलेज में 'यौन उत्पीडन' पर आयोजित हुई कार्यशाला

कोटा। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिशा केन्द्र, एन.एस.एस एवं लालचंद Zykoon Technologies Team, गुड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए विशाखा अधिनियम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर एवं लालचंद Zykoon Technologies Team, गुड़गांव के मध्य हुए MOU के कारण सभी महाविद्यालयों में होना प्रस्तावित है ताकि छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को यौन उत्पीड़न के विरुद्ध बने कानूनों एवं अन्य प्रावधानों की जानकारी दी जा सके। कार्यशाला के प्रारम्भ में जायकून समूह के टीम लीडर श्री सजल कुमार मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न किसे कहते है अथवा किन-किन व्यवहारों को यौन उत्पीड़न में सम्मिलित किया जाता है, यह जानकारी होना आवश्यक है। अधिकांश कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की शिकायत हेतु आन्तरिक शिकायत समिति ही स्थापित नहीं है, जिसके कारण कार्यशील महिलाएं शिकायत नहीं कर पाती है। शिकायत को आसानी से दर्ज कराया जा सके, इसके लिए जायकून समूह ने विशाखा एप्प सभी सहभागियों को फोन पर डाउनलोड करवाया और उसे कैसे प्रयोग किया जा सकता है, की जानकारी उपलब्ध करवायी। जायकून के अन्य सदस्यों सुश्री रोशी जमवाल, सुश्री नैंसी खुराना, सुश्री कोमल राजपूत ने सहभागियों के साथ एक सर्वेक्षण किया जिसमें महिला की शारिरिक बनावट, उसके कपड़ों आदि को लेकर भद्दी, अश्लील टिप्पणियां, अश्लील व कामुक साहित्य दिखाना, मौखिक या अमौखिक तरीके से यौन प्रकृति का अश्लील व्यवहार करना इत्यादि से सम्बन्धित प्रश्न थे। महाविद्यालय में नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी




डॉ. ज्योति सिडाना ने बताया कि आज के समय में यह विषय और भी प्रासंगिक हो जाता है जब मीटू जैसे आंदोलन समाज में जोर पकड़ रहे है। उन्होंने बताया कि 2014 से 2018 तक भारत में यौन उत्पीड़न के 2535 मामले दर्ज हुए अर्थात् प्रतिदिन 2 मामले दर्ज होते है। लोक सभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार यौन उत्पीड़न के सर्वाधिक मामले उत्तर प्रदेश (726), दिल्ली (369), हरियाणा (171), मध्यप्रदेश (154), एवं महाराष्ट्र (147) में दर्ज किये है। 70 प्रतिशत महिलाएं ये मानती है, कि वे अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न की घटनाओं की शिकायत इसलिए नहीं करती क्योंकि उन्हें इसके नकारात्मक परिणाम भुगतने पड़ सकते है। महाविद्यालय में स्थापित यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति की प्रभारी डॉ. प्रेरणा शर्मा ने जायकून समूह के सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि इस समूह के द्वारा विशाखा की जानकारी के संबंध में किये जाने वाले प्रयास सराहनीय है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता गुप्ता ने कहा कि समाज में यौन उत्पीड़न रोकने के पर्याप्त कानून है, परन्तु जागरूकता नहीं है या फिर महिलाएं ऐसी घटनाओं को बातचीत का विषय नहीं बनाना चाहती, और अपने स्तर पर ही इन घटनाओं को निपटाने का प्रयास करती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कार्यस्थल अथवा कामकाजी महिलाओं में बुनियादी अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाए और विशाखा अधिनियम का कठोरता से पालन किया जाए। दूसरे सत्र में वक्ताओं ने छात्राओं को सम्बोधित किया और विशाखा एप डाउनलोड करवाया। इस सत्र में छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए अपने साथ हुए अनुभवों को सबके सामने साझा किया। उन्होंने यह स्वीकार किया कि विशाखा एप्प के माध्यम से हमें पहली बार एक ऐसा प्लेटफार्म मिला है जहाँ हम बेझिझक निडर होकर अपने साथ हुए किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की शिकायत कर सकतीं है।

---

**वर्कशॉप** • जेडीबी कॉलेज में आयोजित सेमिनार में छात्राओं को दी यौन उत्पीड़न की जानकारी, विशाखा एप डाउनलोड करवाया

# 34 से कम उम्र की महिलाएं सबसे अधिक होती हैं यौन उत्पीड़न की शिकार

सिटी रिपोर्टर | कोटा



जेडीबी कॉलेज की छात्राओं ने एप डाउनलोड किया

| देश में महिला उत्पीड़न की स्थिति | उम्र | प्रतिशत |
|---|---|---|
| | 12-17 | 15 |
| | 13-34 | 54 |
| | 35-64 | 28 |
| | 65 प्लस | 3 |

**ऐसे होता है यौन उत्पीड़न**

| 81 | 44 | 25 |
|---|---|---|
| • प्रतिशत मौखिक रूप से। | • प्रतिशत अनचाहा स्पर्श। | • प्रतिशत गंदे मैसेज। |

जेडीबी गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज के में मंगलवार को दिशा केंद्र एनएसएस और गुड़गांव की एक कंपनी की ओर से कार्य स्थल पर महिला यौन उत्पीड़न विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्राओं और टीचिंग स्टाफ को यौन पीड़ित से संबंधित विभिन्न जानकारी दी। साथ ही विशाखा एप डाउनलोड करवाया और इस्तेमाल के तरीके बताए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए विशाखा अधिनियम की बारीकियां बताईं। उन्होंने कहा कि 30 साल से कम आयु की महिलाएं यौन उत्पीड़न का सबसे अधिक शिकार होती हैं। वहीं, 12 से 17 साल की 15 प्रतिशत नाबालिग शिकार होते हैं। 45 प्रतिशत यौन उत्पीड़न शैक्षिक क्षेत्र में होता है।

कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से आयोजित वर्कशॉप में टीम लीडर सजल कुमार मिश्रा ने कहा कि कई कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की शिकायत के लिए समिति का गठन नहीं किया है। जिससे की संबंधित महिलाएं शिकायत नहीं कर पाती हैं। अब महिलाएं विशाखा एप से शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकती हैं। यहां जायकून टीम मैंबर्स रोशी जमवाल, नैंसी खुराना, कोमल राजपूत ने सहभागियों के साथ एक सर्वेक्षण किया। इसमें महिलाओं की फिजिकल, कपड़े, अश्लील टिप्पणियां सहित अन्य प्रश्न पूछे गए। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कार्यस्थल पर अथवा कामकाजी महिलाओं में बुनियादी अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाए और विशाखा अधिनियम का कठोरता से पालन किया जाए। आंतरिक समिति में दो टीचिंग और दो नॉन टीचिंग के अलावा तीन स्टूडेंट्स और एक एनजीओ मेंबर को शामिल करने की बात कही। वर्कशॉप में यह भी बताया कि यौन उत्पीड़न के बाद शांत रहे। उत्पीड़न के बारे किसी विश्वास पात्र को सूचित करें। सभी सबूत इकट्ठा करें। विशाखा एप के माध्यम से जल्द से जल्द शिकायत करें। आंतरिक शिकायत समिति को सबूत जमा करें। साथ ही वाट्सकैंपस में पूरी तरह से सावधानियां बरते।

प्रिंसिपल डॉ. अनीता गुप्ता ने कहा कि समाज में इस समस्या के समाधान को रोकने के पर्याप्त कानून हैं। नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति सिडाना ने कहा कि जहां मी - टू जैसे आंदोलन समाज मे जोर पकड़ रहे हैं। ऐसे में अब सशक्त महिलाएं किसी आंदोलन का इंतजार नहीं करती है।

## 9. राष्ट्रीय युवा सप्ताह 12–19 जनवरी, 2019

# प्रतिभा का बाहर लाने का काम करती है राष्ट्रीय सेवा योजना



नवज्योति/कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे युवा सप्ताह में शुक्रवार को मुख्य अतिथि एवं एनएसएस के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. बनय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. केएम गवेन्द्रा का तीनों महाविद्यालय की प्राचार्याओं एवं एनएसएस प्रभारियों द्वारा स्वागत किया गया। संगीत विभाग की छात्रा भूमिका द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. अनीता गुप्ता एवं राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रूपवती सिंघल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. बनय सिंह ने कहा कि विद्यार्थी की अन्तर्निहित प्रतिभा को बाहर लाने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना करती है। समाज सेवा को इस तरह लागू करें कि सभी उनका अनुकरण करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. गवेन्द्रा ने कहा कि विकास की परिकल्पना श्रम से संभव है। जिन्होंने देश को आगे बढ़ाया, कुर्बानी दी उनका महत्व आज भी है। उच्च शिक्षा में एनएसएस इसलिए आवश्यक है कि यह व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी रजनीश कुमार जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा शर्मा एवं आयोजन एनएसएस इकाई प्रभारी रजनीश कुमार जैन, डॉ. धर्मसिंह मीणा, डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. जयश्री डावरे, अमिता माहेश्वरी व हितेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया।

## 10. प्रथम दिवसीय शिविर 28 जुलाई,2018 ( ग्रीन एण्ड क्लीन कॉलेज )

# जेडीबी कॉलेज की छात्राओं ने लगाए पौधे




नवज्योति/कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को कॉलेज में पौधरोपण किया। कॉलेज की विजयलक्ष्मी गुर्जर ने बताया कि छात्राओं ने कॉलेज परिसर में 100 से भी अधिक पौधे लगाए है। गुर्जर ने बताया कि इस दौरान छात्राओं ने नीम, पीपल, आम, जामुन और गुलाब के पौधे लगाए है। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा की शपथ भी ली।

## 11. द्वितीय एक दिवसीय शिविर (रक्तदान) 25 सितम्बर, 2018

### रक्तदान–महादान विषय पर पोस्टर का विमोचन

नवज्योति/कोटा

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में युवा विकास केंद्र, योजना मंच तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य, डॉ. अनीता गुप्ता ने कि। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें। छात्राएं आत्मविश्वास रखें और सकारात्मक कार्यों की ओर प्रेरित रहे। इस कार्यक्रम में युवा विकास केन्द्र के द्वारा रक्त दान-महादान विषय पर पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पंजीकृत छात्राओं ने समूह चर्चा प्रतियोगिता मे उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। प्रभारी डॉ. सपना समूह चर्चा प्रतियोगिता की बारिकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरुणा कौशिक, डॉ. शम्मी खंडेलवाल, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. सुबोधकुमार, डॉ. पुनीता श्रीवास्तव एवं डॉ हिमानी सिंह उपस्थित रहे।



-एचजी

### रक्तदान-महादान के पोस्टर का विमोचन

कोटा। जेडीबी गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज में युवा विकास केंद्र योजना मंच एवं एनएसएस की ओर से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. अनिता गुप्ता ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। युवा विकास केंद्र की ओर से रक्तदान-महादान विषय पर पोस्टर का विमोचन किया गया। वाईडीसी प्रभारी डॉ. सपना कोतरा ने समूह चर्चा प्रतियोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में सीनियर संकाय सदस्य डॉ. अरुणा कौशिक, डॉ. शम्मी खंडेलवाल, डॉ. सुबोधकुमार, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. पुनीता श्रीवास्तव एवं डॉ. हिमानी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## 12. तृतीय एक दिवसीय शिविर (भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था ) 29 नबम्बर, 2018

### शत प्रतिशत मतदान के लिए निकाली रैली

नवज्योति/कोटा

आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य को लेकर शनिवार को जेडीबी कॉलेज से छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जेडीबी कॉलेज से उप जिला निर्वाचन अधिकारी वासुदेव मालावत व स्वीप के नोडल अधिकारी बी.एम. बैरवा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली जेडीबी कॉलेज से शुरू होकर बैडमिंटन हॉल, महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम, जेके पवेलियन, अग्रसेन चौराहा, विवेकानन्द चौराहा, नयापुरा चौराहा से नयापुरा थाना, जेल रोड, अदालत एवं शहीद स्मारक होकर जेडीबी कॉलेज पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

इस दौरान रैली में छात्राएं हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर मतदान के प्रति जागरूकता संबंधी नारे लगाती हुई चल रही थी। रैली से पूर्व छात्राओं को स्काउट के सचिव यज्ञदत्त हाड़ा द्वारा मतदान प्रक्रिया में काम ली जा रही ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी दी तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के बारे में बताया। इस अवसर पर जेडीबी कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।



#### लोकतंत्र में निभाएं भागीदारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। लोकतंत्र में सभी मतदाता अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने युवाओं से विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए आमजन को प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर आयु वर्ग के मतदाता इस बार चुनाव में उपयोग में ली जा रही वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में भी जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी जा रही है। इस बार मतदान के समय वीवीपैट से आम मतदाता अपने मत के बारे में पूरी तरह आश्वस्त हो सकेंगे। स्वीप के नोडल अधिकारी ने कहा कि युवा मतदान के प्रति जागरूक होने के साथ परिवार के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने इस बार मतदान के समय काम ली जा रही वीवीपैट की कार्यप्रणाली एवं अपने मत के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

ICAR-NATIONAL RESEAR
फा.सं. : 4-449/2018-P&S/Part-I
हर जगह से निराश
स्पेशलिस्ट : व
गुरु मोहिनी
98976

# राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई – प्रथम

## 15.10.2018 से 21.10.2018 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का विवरण

## विषय – राष्ट्रबोध

## सत्र– 2018–19

| दिनांक | प्रथम सत्र | द्वितीय सत्र | तृतीय सत्र | चतुर्थ सत्र | पंचम सत्र | परिणाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15.10. 2018 | योगाभ्यास | उद्घाटन एवं सरस्वती वंदना, सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रमों की जानकारी– कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियका वर्मा राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता –श्री यज्ञदत्त हाडा, स्काउट मंडल सचिव | योगाभ्यास – व्याख्यान, प्रशिक्षण वक्ता – डॉ. संगीता सक्सेना, (योग प्रशिक्षक) | आत्मरक्षा व्याख्यान, प्रशिक्षण – श्रीमती अल्का अजमेरा (समन्वयक चाइल्ड लाइन,कोटा) | राष्ट्रबोध विषय पर काव्य पाठ प्रतियोगिता | 1. आशिया बानो<br>2. आकेला रागिब<br>3. भावना चौहान | संलग्नक – 1 |
| 16.10. 2018 | योगाभ्यास | मनसिक स्वास्थ्या पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल. अग्रवाल, कोटा के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष | राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल.साहू हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग कोटा विश्वविद्यालय के समन्वयक | मेकअप वर्कशॉप वक्ता – महिमा बजाज, ब्यूटिशियन | राष्ट्रबोध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता | 1. कविता मेरोठा<br>2. भारती सैनी | संलग्नक – 2 |
| 17.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रबोध, राष्ट्र निर्माण एवं भविष्य निर्माण पर व्याख्यान वक्ता – सुश्री निधी प्रजापति राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता | कच्ची बस्ती में स्वच्छता सर्वे | गोद ली हुई बस्ती में स्वच्छता जागरूकता पर रैली। | नीम्बू रेस | 1.अवन्तिका चौधरी<br>2.जीनत डेजी | संलग्नक – 3 |
| 18.10. 2018 | योगाभ्यास | आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो का प्रशिक्षण, प्रशिक्षक– श्री अनिल कुमार, कोटा जिला ताइक्वांडो अकादमी | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान वक्ता श्री राविन्द्र श्रीवास्तव सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, कोटा | मतदान एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्री प्रदीप मेघवाल स्वीप प्रभारी कोटा– उत्तर | मतदान जागरूकता पर आशू भाषण प्रतियोगिता | 1.आशिया बानो<br>2.भावना चौहान | संलग्नक – 4 |
| 19.10. 2018 | योगाभ्यास | केरियर गाइडेन्स व इन्टरव्यू स्किल्स पर PPT वक्ता डॉ. अनुज विलियम्स राष्ट्रीय युवा पुरस्कार व NSS में राज्य पुरस्कार विजेता | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान EVM व वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन व मोक वोटिंग – वक्ता श्री यज्ञ दत्त हाडा, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, श्री प्रदीप मेघवाल | दिशारी एवं हैल्लो एप्प की जानकारी डॉ. अनुज विलियम्स | मेहन्दी प्रतियोगिता | 1. टीना वैष्णव<br>2.अंकिता गुप्ता | संलग्नक – 5 |
| 20.10. 2018 | योगाभ्यास | मतदान जागरूकता पर रैली–अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं उपजिला निवाचन अधिकारी श्रीमान वासूदेव मालावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री यज्ञदत्त हाडा ने मार्गदर्शन किया। | राष्ट्रीय कौशल अजिविका विकास के तहत स्वरोजगार से जुडने पर व्याख्यान वक्ता श्रीमती शमशीर आलम नयापुरा महिला समिति अध्यक्ष | प्रश्नमंच प्रतियोगिता | रैली स्लोगन प्रतियोगिता | 1. आकेला रागिब | संलग्नक – 6 |
| 21.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों एव महत्त्व पर व्याख्यान वक्ता श्री प्रवीण कुमार नागर राष्ट्रीय सेवा योजना मे राज्य पुरस्कार प्राप्त। | राष्ट्र एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्रीमान् यज्ञदत्त हाडा, (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) | शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता | समापन समारोह व पुरस्कार वितरण | 1.विजय लक्ष्मी<br>2.कविता मेरोठा | संलग्नक –7 |

डॉ. प्रियंका वर्मा
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी
यूनिट प्रथम

# राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई – द्वितीय

## 15.10.2018 से 21.10.2018 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का विवरण

## विषय – राष्ट्रबोध

### सत्र– 2018–19

| दिनांक | प्रथम सत्र | द्वितीय सत्र | तृतीय सत्र | चतुर्थ सत्र | पंचम सत्र | परिणाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15.10. 2018 | योगाभ्यास | उद्घाटन एवं सरस्वती वंदना, सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रमों की जानकारी– कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियका वर्मा राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता –श्री यज्ञदत्त हाडा, स्काउट मंडल सचिव | योगाभ्यास – व्याख्यान, प्रशिक्षण वक्ता – डॉ. संगीता सक्सेना, (योग प्रशिक्षक) | आत्मरक्षा व्याख्यान, प्रशिक्षण – श्रीमती अल्का अजमेरा (समन्वयक चाइल्ड लाइन,कोटा) | राष्ट्रबोध विषय पर काव्य पाठ प्रतियोगिता | 1. दिव्या ओझा 2. कमरोश खानम 3. शिल्पा गुप्ता | संलग्नक – 1 |
| 16.10. 2018 | योगाभ्यास | मनसिक स्वास्थ्या पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल. अग्रवाल, कोटा के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष | राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल.साहू हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग कोटा विश्वविद्यालय के समन्वयक | मेकअप वर्कशॉप वक्ता – महिमा बजाज, ब्यूटिशियन | राष्ट्रबोध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता | 1. कौशर जिलानी 2. कमरोश खानम | संलग्नक – 2 |
| 17.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रबोध, राष्ट्र निर्माण एवं भविष्य निर्माण पर व्याख्यान वक्ता – सुश्री निधी प्रजापति राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता | कच्ची बस्ती में स्वच्छता सर्वे | गोद ली हुई बस्ती में स्वच्छता जागरूकता पर रैली। | नीम्बू रेस | 1. चिंकी राजौरा 2. कौशर जिलानी | संलग्नक – 3 |
| 18.10. 2018 | योगाभ्यास | आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो का प्रशिक्षण, प्रशिक्षक– श्री अनिल कुमार, कोटा जिला ताइक्वांडो अकादमी | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान वक्ता श्री रविन्द्र श्रीवास्तव सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, कोटा | मतदान एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्री प्रदीप मेघवाल स्वीप प्रभारी कोटा– उत्तर | मतदान जागरूकता पर आशु भाषण प्रतियोगिता | 1.अक्षिता गोयल 2.कौसर जिलानी | संलग्नक – 4 |
| 19.10. 2018 | योगाभ्यास | केरियर गाइडेन्स व इन्टरव्यू स्किल्स पर PPT वक्ता डॉ. अनुज विलियम्स राष्ट्रीय युवा पुरस्कार व NSS में राज्य पुरस्कार विजेता | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान EVM व वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन व मोक वोटिंग – वक्ता श्री यज्ञ दत्त हाडा, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, श्री प्रदीप मेघवाल | दिशारी एवं हैल्लो एप्प की जानकारी डॉ. अनुज विलियम्स | मेहन्दी प्रतियोगिता | 1. ज्योति वर्मा, कमरोश खानम 2.चिंकी राजौरा, शिल्पा गुप्ता | संलग्नक – 5 |
| 20.10. 2018 | योगाभ्यास | मतदान जागरूकता पर रैली–अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं उपजिला निवाचन अधिकारी श्रीमान वासुदेव मालावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री यज्ञदत्त हाडा ने मार्गदर्शन किया। | राष्ट्रीय कौशल अजिविका विकास के तहत स्वरोजगार से जुडने पर व्याख्यान वक्ता श्रीमती शमशीर आलम नयापुरा महिला समिति अध्यक्ष | प्रश्नमंच प्रतियोगिता | रैली स्लोगन प्रतियोगिता | 1. शिल्पा गुप्ता | संलग्नक – 6 |
| 21.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों एवं महत्त्व पर व्याख्यान वक्ता श्री प्रवीण कुमार नागर राष्ट्रीय सेवा योजना मे राज्य पुरस्कार प्राप्त। | राष्ट्र एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्रीमान् यज्ञदत्त हाडा, (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) | शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता | समापन समारोह व पुरस्कार वितरण | 1. पायल कुमारी 2. शिल्पा गुप्ता | संलग्नक –7 |

श्री रजनीश कुमार जैन
एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी
इकाई द्वितीय

# राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई – तृतीय

## 15.10.2018 से 21.10.2018 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का विवरण

### विषय – राष्ट्रबोध

### सत्र– 2018–19

| दिनांक | प्रथम सत्र | द्वितीय सत्र | तृतीय सत्र | चतुर्थ सत्र | पंचम सत्र | परिणाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15.10. 2018 | योगाभ्यास | उद्घाटन एवं सरस्वती वंदना, सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रमों की जानकारी– कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता –श्री यज्ञदत्त हाडा, स्काउट मंडल सचिव | योगाभ्यास – व्याख्यान, प्रशिक्षण वक्ता – डॉ. संगीता सक्सेना, (योग प्रशिक्षक) | आत्मरक्षा व्याख्यान, प्रशिक्षण – श्रीमती अल्का अजमेरा (समन्वयक चाइल्ड लाइन,कोटा) | राष्ट्रबोध विषय पर काव्य पाठ प्रतियोगिता | 1. पूजा सैनी 2. सुनीता वर्मा | संलग्नक – 1 |
| 16.10. 2018 | योगाभ्यास | मनसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल. अग्रवाल, कोटा के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष | राष्ट्रबोध पर व्याख्यान वक्ता – डॉ. एम.एल.साहू हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग कोटा विश्वविद्यालय के समन्वयक | मेकअप वर्कशॉप वक्ता – महिमा बजाज, ब्यूटिशियन | राष्ट्रबोध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता | 1. नैनिका प्रजापति 2 सोनाली वर्मा | संलग्नक – 2 |
| 17.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रबोध, राष्ट्र निर्माण एवं भविष्य निर्माण पर व्याख्यान वक्ता – सुश्री निधी प्रजापति राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता | कच्ची बस्ती में स्वच्छता सर्वे | गोद ली हुई बस्ती में स्वच्छता जागरूकता पर रैली। | नीम्बू रेस | 1. सलौनी 2. सुनीता वर्मा | संलग्नक – 3 |
| 18.10. 2018 | योगाभ्यास | आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो का प्रशिक्षण, प्रशिक्षक– श्री अनिल कुमार, कोटा जिला ताइक्वांडो अकादमी | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान वक्ता श्री रविन्द्र श्रीवास्तव सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, कोटा | मतदान एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्री प्रदीप मेघवाल स्वीप प्रभारी कोटा–उत्तर | मतदान जागरूकता पर आशु भाषण प्रतियोगिता | 1.पूजा सैनी 2 सुनीता वर्मा | संलग्नक – 4 |
| 19.10. 2018 | योगाभ्यास | केरियर गाइडेन्स व इन्टरव्यू स्किल्स पर PPT वक्ता डॉ. अनुज विलियम्स राष्ट्रीय युवा पुरस्कार व NSS में राज्य पुरस्कार विजेता | मतदान जागरूकता पर व्याख्यान EVM व वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन व मोक वोटिंग – वक्ता श्री यज्ञ दत्त हाडा, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, श्री प्रदीप मेघवाल | दिशारी एवं हैल्लो एप्प की जानकारी डॉ. अनुज विलियम्स | मेहन्दी प्रतियोगिता | 1. सुनीता वर्मा 2. नैनिका प्रजापति | संलग्नक – 5 |
| 20.10. 2018 | योगाभ्यास | मतदान जागरूकता पर रैली–अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं उपजिला निवाचन अधिकारी श्रीमान वासुदेव मालावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री यज्ञदत्त हाडा ने मार्गदर्शन किया। | राष्ट्रीय कौशल अजिविका विकास के तहत स्वरोजगार से जुडने पर व्याख्यान वक्ता श्रीमती शमशीर आलम नयापुरा महिला समिति अध्यक्ष | प्रश्नमंच प्रतियोगिता | रैली स्लोगन प्रतियोगिता | 1. नैनिका प्रजापति मुस्कान बाडल | संलग्नक – 6 |
| 21.10. 2018 | योगाभ्यास | राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों एवं महत्त्व पर व्याख्यान वक्ता श्री प्रवीण कुमार नागर राष्ट्रीय सेवा योजना मे राज्य पुरस्कार प्राप्त। | राष्ट्र एवं युवा विषय पर व्याख्यान श्रीमान् यज्ञदत्त हाडा, (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) | शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता | समापन समारोह व पुरस्कार वितरण | 1. पूजा सैनी 2. सुनीता वर्मा | संलग्नक –7 |

डॉ. राजमल मालव
एन.एस.एस. कार्यकम अधिकारी
यूनिट तृतीय

# <u>*सात दिवसीय विशेष शिविर रिपोर्ट*</u>

दिनांक : 15 अक्टूबर 2018

उद्घाटन समारोह, दीप प्रज्वलन श्रीमान् यज्ञदत्त हाडा जी का व्याख्यान, श्रीमती संगीता सक्सेना द्वारा योग प्रशिक्षण एवं अल्का अजमेरा द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण, काव्य पाठ प्रतियोगिता।









दिनांक : 16 अक्टूबर 2018

मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान – डॉ. एम.एल.अग्रवाल, राष्ट्रबोध पर व्याख्यान – डॉ. एम.एल. साहू, मेकअप वर्कशॉप – महिमा बजाज एवं पोस्टर प्रतियोगिता










दिनांक : 17 अक्टूबर 2018

गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता जागरूकता पर रैली, राष्ट्रबोध, राष्ट्रनिर्माण और भविष्य निर्माण पर व्याख्यान – सुश्री निधी प्रजापति, निम्बू दौड प्रतियोगिता, योगाभ्यास









दिनांक : 18 अक्टूबर 2018,

आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो का प्रशिक्षण, प्रशिक्षक– श्री अनिल कुमार, मतदान जागरूकता पर व्याख्यान वक्ता श्री रविन्द्र श्रीवास्तव आशु भाषण प्रतियोगिता






दिनांक : 19 अक्टूबर 2018

केरियर गाइडेन्स व इन्टरव्यू स्किल्स पर PPT वक्ता डॉ. अनुज विलियम्स मतदान जागरूकता पर व्याख्यान EVM व वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन व मोक वोंटिग – वक्ता श्री यज्ञ दत्त हाडा, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, श्री प्रदीप मेघवाल, मेहन्दी प्रतियोगिता









दिनांक : 20 अक्टूबर 2018,

मतदान जागरूकता पर रैली–अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमान वासूदेव मालावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्लोगन प्रतियोगिता।









दिनांक : 21 अक्टूबर 2018,

राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों एवं महत्त्व पर व्याख्यान वक्ता श्री प्रवीण कुमार नागर
राष्ट्रीय सेवा योजना मे राज्य पुरस्कार प्राप्त। शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता, समापन समारोह व पुरस्कार वितरण









सात दिवसीय विशेष शिविर की अखबारों में प्रकाशित कतरन :–

# कॉलेज छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

## एनएसएस के तहत आयोजित किया गया शिविर





कार्यालय/कोटा

जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की 6 इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। प्रथम सत्र में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ लगभग 2 घंटे तक अभ्यास किया।

द्वितीय सत्र में मेहंदी एवं राष्ट्रकोष से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। तृतीय सत्र में व्याख्यान माला के अंतर्गत सहायक नोडल अधिकारी रविन्द्र श्रीवास्तव एवं स्वीप प्रभारी प्रदीप मेघवाल ने मतदान जागरूकता पर विचार व्यक्त किए एवं छात्राओं की मतदान से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। मतदान जागरूकता से संबंधित आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष महिमा बंसल एवं जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष टीना मुवालका ने भी सहयोग दिया। तीनों महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रजनीश जैन, डॉ. राजमल मालव, डॉ. प्रियंका वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अनीता माहेश्वरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. जय डाबरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

राजस्थान पत्रिका patrika.com

पत्रिका सिटी

मतदाता जागरूकता अभियान

# पहले मतदान, फिर जलपान...



निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम।

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

**कोटा.** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर गौरव गोयल के निर्देशानुसार गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें संदेश दिया गया कि 7 दिसम्बर को पहले मतदान करें और फिर जलपान करें।

जिला परिषद के सीईओ बी.एम. बैरवा ने बताया कि जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में राजकीय कन्या महाविद्यालय विज्ञान, कला तथा वाणिज्य की छात्राओं ने परिचर्चा, संवाद एवं आशु भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें 236 छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने लोकतंत्र का त्योहार निर्वाचन, महिला मतदाताओं की भूमिका, चुनाव अवसर है सरकार चुनने का, राजस्थान विधानसभा 2018 का स्वरूप कैसा हो, नोटा मतदान क्यों जरूरी सहित कई विषयों पर विचार रखे। निर्णायक मंडल में व्याख्याता जय डाबरे, रजनीश जैन, अनीता माहेश्वरी, राजमल मालव, प्रियंका वर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर के नोडल प्रभारी प्रदीप मेघवाल थे। उधर तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान कैडेट्स को मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित जानकारी सहायक नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव ने दी।

### जागरूकता रैली आज

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से शुक्रवार सुबह 8 बजे सीएडी सर्किल पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया जाएगा।

---

राजस्थान पत्रिका . कोटा, रविवार, 21 अक्टूबर 2018
patrika.com

रैली निकालकर दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

# आपके हाथों में है ताकत, सही उम्मीदवार को देना मत



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जेडीबी कॉलेज से निकाली गई रैली।

**कोटा.** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को जेडीबी कॉलेज से बालिकाओं ने रैली निकाली। इसमें तख्तियों पर 'आपके हाथों में ताकत, सही उम्मीदवार को देना मत' जैसे कई तरह के संदेश लिखे हुए थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वासुदेव मालावत और स्वीप के नोडल अधिकारी परिषद सीईओ बीएम बैरवा ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाताओं के साथ सभी की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए युवा वर्ग आम मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हर आयु वर्ग के मतदाता इस बार चुनाव में उपयोग में ली जा रही वीवीपैट की कार्यप्रणाली की भी जानकारी प्राप्त करें। मतदान के समय वीवीपैट से आम मतदाता अपने मत के बारे में पूरी तरह आश्वस्त हो सकेंगे। स्वीप के नोडल अधिकारी ने कहा कि युवा मतदान के प्रति जागरूक होने के साथ परिवार के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

मतदाता जागरूकता रैली जेडीबी कॉलेज से शुरू होकर बैडमिंटन हॉल, महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम, जेके पवेलियन, अग्रसेन चौराहा, विवेकानन्द चौराहा, नयापुरा चौराहा से नयापुरा थाना, जेल रोड, अंटाघर एवं शहीद स्मारक होकर जेडीबी कॉलेज पहुंची। जहां सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। रैली में हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर बालिकाओं ने मतदान करने के बारे में जागरूक किया। रैली जिस मार्ग से गुजरी वहां छात्र शक्ति का है आह्वान शिक्षा, सेवा और मतदान के नारों से गुंजायमान रहा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

नवज्योति/कोटा



राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय और राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छह इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें भारत स्काउट-गाइड के मंडल सचिव यज्ञदत्त हाड़ा, अल्का अजमेरा और डॉ. संगीता सक्सेना की सहभागिता रही।

राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित किया। राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. लीला मोदी ने समाज सेवा की वास्तविक आवश्यकता से छात्राओं को अवगत करवाया और जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रीटा गुलाटी ने छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों से अवगत करवाया। वहीं डॉ. अनीता माहेश्वरी ने शिविर में होने वाली गतिविधियों की योजना प्रस्तुत की।

इस अवसर पर एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. जयश्री डाबरे, रजनीश कुमार जैन, डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. राजमल मालाव, डॉ. अनिता माहेश्वरी, डॉ. रेनू नैनावत की सहभागिता रही। सत्र में राष्ट्रबोध से संबंधित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें राजकीय कला कन्या महाविद्यालय (इकाई - प्रथम) प्रथम स्थान आशिया बानो, द्वितीय स्थान भावना चौहान, (इकाई - द्वितीय) प्रथम स्थान दिव्या ओझा, द्वितीय स्थान कमरोश खानम, तृतीय स्थान शिल्पा गुप्ता (इकाई-तृतीय) प्रथम स्थान पूजा सैनी, द्वितीय स्थान कमरोश खानम जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रथम स्थान रेनू बघेल द्वितीय स्थान अश्वनी भार्गव और तृतीय स्थान पर पूर्वा शर्मा रही।

## रेल कर्मचारी हित मे निर्णय लेने का दिलाया भरोसा

नवज्योति / कोटा

वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर से सोमवार को स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक आयोजित की गई। महाप्रबंधक अजय विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जबलपुर में आयोजित बैठक में रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक रवैया अपनाते हुए कर्मचारी हित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

# प्रतियोगिताओं से जानी मतदाता संबंधित जानकारियां



नवज्योति/कोटा

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर गौरव गोयल के निर्देशानुसार गुरुवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गई। नोडल अधिकारी स्वीप व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रज मोहन बैरवा ने बताया कि अभियान में जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय विज्ञान, कला और वाणिज्य की छात्राओं ने परिचर्चा संवाद व आशु भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि गतिविधियों में 236 छात्राओं ने भाग लिया।

## एनसीसी कैडेट से किया संवाद

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान कैडेट्स को अभियान से संबंधित जानकारी सहायक नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव द्वारा दी गई। इस दौरान सवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया।

## जागरूकता रैली आज

## योग के जरिए पॉजिटिव रहने के लिए किया मोटिवेट

सिटी रिपोर्टर|कोटा

जेडीबी कॉलेज में तीनों कॉलेजों की एनएसएस की इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन छात्राओं को योग के जरिए पॉजिटिव रहने के तरीके समझाए। इसके तहत कॉलेज की छह इकाइयों में आयोजित शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपाल भाति का योग अभ्यास किया। इसके साथ छात्राओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का भी संदेश दिया। इस दौरान वहां मौजूद मनोचिकित्सक डॉ. एमएल अग्रवाल ने कहा कि 18 अप्रैल 2018 को इंटरनेट एडिक्शन को मानसिक बीमारी में शामिल किया गया है। जो स्वास्थ्य की दृष्टि से घातक है। इसके बाद यहां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, दूसरे सेशन में छात्राओं को सेलिब्रिटी मेकअप के बारे में एक्सपर्ट महिमा बजाज ने मेकअप वर्कशॉप का आयोजन कर छात्राओं को मेकअप के टिप्स दिए।

**साड़ी रैपिंग प्रतियोगिता में मुस्कान रही प्रथम :** कोटा| जेडीबी कॉमर्स कॉलेज में चल रही महिला प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां साड़ी रैपिंग में प्रथम मुस्कान शर्मा, महिमा बंसल द्वितीय और तीसरे स्थान पर इशिका सोनी एवं केश सज्जा में प्रथम मुस्कान शर्मा, द्वितीय पूजा नागर और तीसरे स्थान पर अनुराधा यादव रही। इसी तरह एकल गायन में प्रथम महिमा भाटी, द्वितीय साक्षी जैन, तृतीय प्रज्ञा गुप्ता, आशुभाषण में प्रथम शिवानी वर्मा, द्वितीय महिमा बंसल द्वितीय और तृतीय स्थान पर प्रज्ञा गुप्ता रही। प्रिंसिपल डॉ. रूपवती पीपल ने पुरस्कार दिए।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

कोटा| राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, जेडीबी कॉलेज व कॉमर्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छह इकाइयों का प्रशिक्षण शिविर सोमवार को समाप्त हुआ। राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित प्रवीण कुमार नागर ने कहा कि एनएसएस चरित्र निर्माण व आत्म विश्वास बढ़ाने में सहायक होता है। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया। एकल नृत्य की अलग- अलग इकाइयों में विजय लक्ष्मी, पायल कुमारी, पूजा सैनी, मीनाक्षी, रिद्धी वाजपेयी व इशिका सोनी ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर तीनों महाविद्यालयों के एनएसएस प्रभारी मौजूद रहे।

## राष्ट्र एवं समाज के प्रति रखें समर्पण की भावना



न्या महाविद्यालय में आयोजित शिविर में मौजूद छात्राएं।

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

कोटा. जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कला कन्या महाविद्यालय एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छह इकाइयों के साथ विशेष शिविर के तीसरे दिन बुधवार को छात्राओं को विभिन्न सत्रों में योगाभ्यास, कैरियर गाइडेंस सहित कई जानकारी दी गई। अनिता माहेश्वरी ने योगाभ्यास तथा व्याख्यान माला में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता निधि प्रजापति ने राष्ट्र बोध एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं के कर्तव्य के निर्वहन पर जानकारी दी। कोटा विश्वविद्यालय के हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग के समन्वयक प्रोफेसर एम.एल. साहू ने छात्राओं को राष्ट्र एवं समाज के प्रति पूर्ण समर्पण रखने की बात कही। डॉ. रजनीश जैन ने धन्यवाद दिया।

जेडीबी कॉलेज में 7 दिवसीय शिविर का समापन

# एनएसएस के विशेष शिविर में निखरी प्रतिभाएं



कोटा @ पत्रिका. जेडीबी कला, साइंस व कॉमर्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजनाओं की सभी छह इकाइयों का सात दिवसीय विशेष संयुक्त शिविर सोमवार को सम्पन्न हुआ। आखिरी दिन एकल और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई। समापन सत्र की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। एनएसएस के राज्य पुरस्कार से पुरस्कृत प्रवीण नागर ने व्याख्यान के जरिए एनएसएस की स्थापना और महत्व की जानकारी दी।

इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कथक नृत्यांगना श्रुति जोहरी निर्णायक रहीं। एकल नृत्य में कला महाविद्यालय की विजय लक्ष्मी प्रथम इकाई, पायल कुमारी द्वितीय इकाई और पूजा सैनी तृतीय इकाई की विजेता बनीं। विज्ञान महाविद्यालय इकाई की मीनाक्षी, वाणिज्य महाविद्यालय की प्रथम इकाई की रिद्धि वाजपेयी और द्वितीय इकाई की इसिका सैनी ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। सामूहिक नृत्य में ज्योतिका समूह विजेता रहा। प्रतियोगिताओं की विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान तीनों महाविद्यालयों के एनएसएस प्रभारी रजनीश कुमार जैन, डॉ. जयश्री डावरे और डॉ. राजमल मालव के साथ-साथ डॉ. प्रियंका वर्मा, अनीता माहेश्वरी और डॉ. रेनु नैनावत मौजूद रहीं।

# पहले मतदान, फिर जलपान...



निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित मतदाता जागरूक कार्यक्रम।

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

कोटा. जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर गौरव गोयल के निर्देशानुसार गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें संदेश दिया गया कि 7 दिसम्बर को पहले मतदान करें और फिर जलपान करें।

जिला परिषद के सीईओ बी.एम. बैरवा ने बताया कि जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में राजकीय कन्या महाविद्यालय विज्ञान, कला तथा वाणिज्य की छात्राओं ने परिचर्चा, संवाद एवं आशु भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें 236 छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने लोकतंत्र का त्योहार निर्वाचन, महिला मतदाताओं की भूमिका, चुनाव अवसर है सरकार चुनने का, राजस्थान विधानसभा 2018 का स्वरूप कैसा हो, नोटा मतदान क्यों जरूरी सहित कई विषयों पर विचार रखे। निर्णायक मंडल में व्याख्याता जय डावडे, रजनीश जैन, अनीता माहेश्वरी, राजमल मालव, प्रियंका वर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर के नोडल प्रभारी प्रदीप मेघवाल थे। उधर तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान कैडेट्स को मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित जानकारी सहायक नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव ने दी।

## जागरूकता रैली आज

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से शुक्रवार सुबह 8 बजे सीएडी सर्किल पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया जाएगा।

# एक सुर में बोली छात्राएं, मतदान करने से ही लोकतंत्र

## विजेता पुरस्कृत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

कोटा. मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जेडीबी कॉलेज सभागार में विभिन्न महाविद्यालयों की छात्राओं के लिए कई स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के व्याख्याता व निर्वाचन विभाग की टीम मौजूद थी। छात्राओं ने मतदान करने का संकल्प लिया और एक सुर में कहा, मतदान से ही लोकतंत्र है। कोटा उत्तर विधानसभा निर्वाचन पंजीयन अधिकारी की ओर से छात्राओं को ईवीएम और वीवीपेट की जानकारी दी गई।

जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को सुबह 11 बजे जेडीबी की छात्राओं द्वारा रैली निकाली जाएगी। उधर, मतदाता जागरूकता रथ ने भी कई इलाकों में घूमकर जागरूकता के लिए पर्चे बांटे और लोगों से 7 दिसम्बर को वोट डालने की अपील की। सहायक नोडल अधिकारी रविंद्र श्रीवास्तव अभियान के उद्देश्य के बारे में भी बताया।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए निकाली रैली

[illegible]



लोकतंत्र मे निभाएं भागीदारी

[illegible]

## छात्राओं को किया मोटिवेट

कोटा। जेडीबी कॉलेज में एनएसएस कैंप के तहत बुधवार को पहले सत्र में अनिता माहेश्वरी ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इस दौरान निधि प्रजापति ने राष्ट्र बोध एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता विषय पर मोटिवेशनल स्पीच दी। डॉ. रजनीश जैन ने धन्यवाद दिया।

# छात्राओं ने किया योगाभ्यास व श्रमदान

नवज्योति/कोटा



राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय और राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की छह इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरूआत स्वयं सेवी छात्राओं ने योगाभ्यास और श्रमदान से की। प्रथम सत्र में छात्राओं की देशभक्ति आधारित गायन प्रतियोगिता करवाई गई। द्वितीय सत्र में यूथ मोटिवेटर सहायक आचार्य डॉ. अनुज विलियम्स ने कहा कि समाज में ऐसा कार्य करें कि लोगों के प्रेरणा स्त्रोत का माध्यम बन सकें। व्याख्यान माला में कॅरियर गाइडेंस व इन्टरव्यू स्किल्स पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रोजेक्ट दिशारी के बारे में बताया कि इस ऐप को डाउनलोड कर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है। सभी विषयों व परीक्षाओं के कॉमन कंटेंट इसमें मिलते है।

## एनएसएस शिविर में आयोजित की गतिविधियां

# गलत को रोककर सुधारना ही देशभक्ति

नवज्योति/कोटा



जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की 6 इकाइयों के विशेष शिविर के तीसरे दिन बुधवार के प्रथम सत्र का प्रारंभ अनिता माहेश्वरी द्वारा योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। व्याख्यान माला में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता निधि प्रजापति ने कहा कि जहां गलत हो रहा है, उसे उसी वक्त रोकना या सुधारना ही देशभक्ति है। उन्होंने कहा मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है, मानव को सिर्फ मानव समझा जाए, सबके प्रति समभाव रहे। फेसबुक, वाट्सएप की आभासी दुनिया से स्वयं को बाहर निकालें। कैरियर गाइडेंस पर भी उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास वृद्धि के लिए गतिविधि करवाई। इसमें वन्दना सेहरा विजेता रही, उसके बाद छात्राओं की खेलकूद से संबंधित गतिविधियों में नीबू रेस करवाई गई, जिसमें राजकीय कला कन्या महाविद्यालय इकाई प्रथम में अवंतिका चौधरी प्रथम और जीनत डेजी द्वितीय, इकाई द्वितीय में पिंकी राजोरा प्रथम और कौशर जिलानी द्वितीय, इकाई तृतीय में सलोनी प्रथम और सुनीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय में वंदना सेहरा प्रथम और बृजेश नागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की इकाई प्रथम में प्रज्ञा प्रथम और शेफाली द्वितीय तथा इकाई द्वितीय में प्रीति राठौर प्रथम और संस्कृति द्वितीय स्थान पर विजेता रही। अंतिम सत्र में कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के हेरिटेज एवं टूरिज्म विभाग के समन्वय प्रोफेसर एमएल साहू ने छात्राओं को राष्ट्र एवं समाज के प्रति पूर्ण समर्पण रखने का संदेश दिया। डॉ. रजनीश जैन ने धन्यवाद दिया।

# छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**कोटा**| जेडीबी कॉलेज की छात्राओं ने शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। उपजिला निर्वाचन अधिकारी वासुदेव मालावत, स्वीप के नोडल अधिकारी जिला परिषद सीईओ बीएम बैरवा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी मालावत ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाताओं के साथ सभी की भागीदारी जरूरी है। कॉलेज से रैली उम्मेदसिंह स्टेडियम होती हुई अग्रसेन चौराहा, विवेकानंद चौराहा, नयापुरा से जेल रोड, अंटाघर होती कॉलेज पहुंची। छात्राओं के हाथों में मतदाता जागरूकता का संदेश देने वाली तख्तियां रही। स[illegible]व यज्ञदत्त हाड़ा ने इसकी [illegible]ा।